<u>मोटर वाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण, झांसी</u>

प्रकीर्ण वाद संख्या–२२/२०२० (एम.ए.सी.पी.सं. ५४३/२०१६)
राम गोपाल आदि बनाम जोरा राम आदि
<u>३०.०६.२०२०</u>

पत्रावली प्रस्तुत हुयी। प्रार्थीगण मय विद्वान् अधिवक्ता उपस्थित आये।

प्रार्थीगण की ओर से यह प्रार्थनापत्र एम.ए.सी.पी. सं. ५४३/२०१६ में दिनांक ११.१२.२०१९ को पारित एवार्ड की धनराशि को प्राप्त करने हेतु प्रस्तुत किया गया है। प्रार्थीगण ने अपने प्रार्थनापत्र के साथ आधार कार्ड तथा निर्णय की सत्यापित प्रति प्रस्तुत की है। मूल पत्रावली एम.ए.सी.पी. सं. ५४३/२०१६ भी प्रस्तुत हुयी है। प्रार्थी राम गोपाल की ओर से प्रार्थनापत्र के समर्थन में शपथपत्र भी प्रस्तुत किया गया है, जिसमें यह कथन किया गया है कि एवार्ड के विरूद्ध कोई अपील योजित नहीं की गयी है और न ही कोई स्टे आदेश माननीय उच्च न्यायालय से प्रभावी है।

सुना तथा पत्रावली का परिशीलन किया। एम.ए.सी.पी. ५४३/२०१६ में पारित निर्णय के अनुसार याचिका में क्षतिपूर्ति रु. ५,२३,६००/– मय ७ प्रतिशत वार्षिक दर से साधारण ब्याज याचिका योजित किये जाने की तिथि से वास्तविक भुगतान की तिथि तक के लिये स्वीकार की गयी है। निर्णय के अनुसार याची सं. १ राम गोपाल १,२३,६००/– रु. नकद प्राप्त करेंगे तथा याची सं.२ श्रीमती शिव प्यारी ३,००,०००/– रु. प्राप्त करेंगी जिसमें से वह १,००,०००/–रु. नकद तथा २,००,०००/– रु. ३ वर्ष की अवधि के लिये किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की सर्वाधिक बहुमूल्यकारी सावधि जमा योजना में निवेशित की जावेगी। याची सं.३ कु. पूजा १,००,०००/– रुपये नकद प्राप्त करेगी। उक्त निवेशों पर कोई ऋण देय नहीं होगा न ही उन्हें कहीं बन्धक किया जा सकेगा।

कार्यालय की चेक पंजिक के क्रमांक २० के अनुसार ६,१६,४५२/– रु. पंजाब नेशनल बैंक, झोकनबाग, झॉसी में जमा किये गये हैं। प्रार्थीगण द्वारा अपने–अपने खातों की छाया प्रतियां पत्रावली पर दाखिल की गयी हैं, जो कि निम्नवत् हैः–

१. राम गोपाल खाता सं. ३६७१०००१०११९३४९७ पंजाब नेशनल बैंक शाखा झोकनबाग, झॉसी IFSC– PUNB0367100

२. श्रीमती शिव प्यारी खाता सं. ६१०१९०१०००५१३३२ आर्यावर्त बैंक शाखा टेढ़ा जिला हमीरपुर IFSC– BKIDOARYAGB

३. कु. पूजा देवी खाता सं. ६१०१९०१००००६६६२ आर्यावर्त बैंक शाखा टेढ़ा जिला हमीरपुर IFSC– BKIDOARYAGB

<u>आदेश</u>

पंजाब नेशनल बैंक शाखा झोकनबाग, झॉसी को आदेशित किया जाता है कि एम.ए.सी.पी. सं. ५४३/२०१६ के प्रकरण में जमा धनराशि ६,१६,४५२/– (छैः लाख सोलह हजार चार सौ बावन) रु. में से रु. १,४५,५१९/– प्रार्थी राम गोपाल नकद प्राप्त करेंगे, जो उनके खाता सं. ३६७१०००१०११९३४९७ पंजाब नेशनल बैंक शाखा झोकनबाग, झॉसी IFSC– PUNB0367100 में आर.टी. जी.एस./नेफ्ट के माध्यम से

Digitally signed by CHANDRODAY KUMAR
Date: 2020.07.01 11:36:55 IST
Reason: Document Owner
Location: MACP JHANSI

अविलम्ब स्थानान्तरित किए जायें तथा श्रीमती शिव प्यारी रु. ३,५३,२००/– प्राप्त करेंगी, जिसमें से २,५३,२००/–रु. उसके नाम किसी किसी राष्ट्रीयकृत बैंक की सर्वाधिक बहुमूल्यकारी सावधि जमा योजना में तीन वर्ष के लिये निवेशित किये जायें तथा नगद १,००,०००/– रु. उनके खाता सं. ६१०१९०१०००५१३३२ आर्यावर्त बैंक शाखा टेढ़ा जिला हमीरपुर IFSC– BKIDOARYAGB में आर.टी.जी.एस./नेफ्ट के माध्यम से अविलम्ब स्थानान्तरित किये जायें। कु. पूजा नगद रु. १,१७,७३३/– प्राप्त करेंगी, जो उनके खाता सं. ६१०१९०१००००६६६२ आर्यावर्त बैंक शाखा टेढ़ा जिला हमीरपुर IFSC code–BKIDOARYAGB में आर.टी.जी.एस./नेफ्ट के माध्यम से अबिलम्ब स्थानान्तरित किये जायें। कुल जमा धनराशि ६,१६,४५२/– (छैः लाख सोलह हजार चार सौ बावन) रु. पर बैंक मे अब तक अर्जित ब्याज को क्रमशः २४:५७:१९ के अनुपात में विभाजित कर आर.टी.जी.एस./नेफ्ट के माध्यम से नगद देय धनराशि के साथ जोड़ कर स्थानान्तरित किया जाये। उपरोक्तानुसार अनुपालन आख्या ३ दिन के अन्दर दाखिल की जाये व एफ.डी.आर. न्यायालय में शीघ्र दाखिल हो। 3B प्रार्थनापत्र तदनुसार निस्तारित। पत्रावली नियमानुसार दाखिल दफ्तर हो।

(चंद्रोदय कुमार)
पी.ओ.,एम.ए.सी.टी.,झांसी।